राजस्व आवेदन संख्या 201/2025

उनवान आईदानराम वगैरा बनाम तहसीलदार सेड़वा वगैरा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)

राजस्व आवेदन सं. 201 / 2025

अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. आईदानराम पुत्र सदराम<br>2. भीखाराम पुत्र सदराम<br>3. चौथी देवी पत्नी सदराम<br>4. खमुराम पुत्र नेनाराम<br>5. धीमाराम पुत्र नेनाराम<br>6. लाधुराम पुत्र नेनाराम<br>7. जगराम पुत्र ठाकराराम<br>8. जालाराम पुत्र ठाकराराम<br>9. धनीदेवी पत्नी ठाकराराम<br>10. धीमाराम पुत्र ठाकराराम<br>11. पांचाराम पुत्र वरींगा<br>12. धुड़ाराम पुत्र हीराराम<br>13. गंगाविष्णु पुत्र गोरखाराम<br>14. भीखी देवी पत्नी गोरखाराम<br>15. मांगीलाल पुत्र गोरखाराम<br>16. रमेश कुमार पुत्र गोरखाराम<br>17. हनुमानराम पुत्र गोरखाराम<br>18. गोकलाराम पुत्र मुकनाराम कौम विश्नोई निवासी गंगापुरा तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर।<br>19. आईदानराम पुत्र लाधाराम<br>20. तेजाराम पुत्र लाधाराम<br>21. शंकराराम पुत्र लाधाराम<br>22. सांवलाराम पुत्र लाधाराम<br>23. सती पत्नी लाधाराम<br>24. वेला पुत्र विरधा कौम रबारी निवासी गंगापुरा तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर। | | 1. तहसीलदार सेड़वा<br>2. शाखा प्रबंधक बीसीसीबी शाखा धोरीमन्ना।<br>3. शाखा प्रबंधक बीएलडीबी शाखा धोरीमन्ना।<br>4. शाखा प्रबंधक एसबीआई शाखा गुड़ामालानी। |

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested

राजस्व आवेदन संख्या 201/2025
उनवान आईदानराम वगैरा बनाम तहसीलदार सेड़वा वगैरा

**उपस्थित विद्वान अधिवक्ता**

प्रार्थीगण अधिवक्ता –श्री श्रीराम विश्नोई

–: निर्णय :–

दिनांक:– 08/05/2026

प्रार्थीगण आईदानराम पुत्र सदराम जाति विश्नोई निवासी गंगापुरा तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर वगैरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का संक्षेप में सार इस प्रकार है कि प्रार्थीगण के खातेदारी का खेत मौजा गंगापुरा पटवार क्षेत्र भैरूड़ी भू.अ.निरीक्षक क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा में प्रार्थीगण संख्या 01 से 17 के खेत खसरा संख्या 192/34 रकबा 2–5495 हैक्टेयर, खसरा संख्या 288/34 रकबा 2–5495 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम, प्रार्थी संख्या 18 के खसरा संख्या 205/27 रकबा 6–4750 हैक्टेयर, खसरा संख्या 207/27 रकबा 5–8275 हैक्टेयर, प्रार्थीगण संख्या 19 से 24 के खेत खसरा संख्या 202/54 रकबा 0–4856 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 204/54 रकबा 15–6289 हैक्टेयर का आए हुए है। उक्त भूमि में से कटाण रास्ता मौजा गंगापुरा पटवार क्षेत्र भैरूड़ी भू.अ.नि. क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा में खसरा संख्या 273/34 रकबा 0–0809 हैक्टेयर, खसरा संख्या 191/34 रकबा 0–4856 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 206/27 रकबा 0–2104 हैक्टेयर प्रार्थीगण के खेतों में से कई वर्षों से चल रहा है। उक्त रास्ते के भूमि राज्य सरकार के खाते में दर्ज है एवं उक्त कटान रास्ता उक्त वर्णित आराजी में से लिया गया है एवं मौके पर सड़क भी बनी हुई है। उक्त कटाण रास्ते की भूमि की तरमीम प्रार्थीगण के खेतों में से की गई है, लेकिन जिस स्थान पर डामर सड़क बनी हुई है, उस स्थान से भिन्न तरमीम की गई है, जो मौके पर एक दूसरे के विपरीत स्थान पर है। प्रार्थीगण उक्त रास्ते की तरमीम मौके पर चल रहे डामर सड़क के स्थान पर करवाना चाहते है। आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट ''अ'' में जो भूमि बरंग केसरिया के रूप में दशाई गई है, वहां पर तरमीम की जानी है यानि परिशिष्ट ''अ'' के अनुसार प्रार्थीगण तरमीम दुरुस्त करवाना चाहते है, जिस हेतु आवेदन करते तरमीम दुरुस्त का प्रस्तुत है। अतः तरमीम दुरुस्ती का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थीगण के खातेदार खेत मौजा गंगापुरा पटवार क्षेत्र भैरूड़ी भू.अ.निरीक्षक क्षेत्र बामड़ला तहसील सेड़वा में संख्या 01 से 17 के खेत खसरा संख्या 192/34 रकबा 2–5495 हैक्टेयर, खसरा संख्या 288/34 रकबा 2–5495

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम, प्रार्थी संख्या 18 के खसरा संख्या 205/27 रकबा 6–4750 हैक्टेयर, खसरा संख्या 207/27 रकबा 5–8275 हैक्टेयर, प्रार्थीगण संख्या 19 से 24 के खेत खसरा संख्या 202/54 रकबा 0–4856 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 204/54 रकबा 15–6289 हैक्टेयर एवं कटाण रास्ते की भूमि खसरा संख्या 273/34 रकबा 0–0809 हैक्टेयर, खसरा संख्या 191/34 रकबा 0–4856 हैक्टेयर, खसरा संख्या 203/54 रकबा 0–1133 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 206/27 रकबा 0–2104 हैक्टेयर की नक्शा में की गई तरमीम को खारिज कर मौके पर चल रही डामर सड़क व संलग्न परिशिष्ट "अ" में दर्शाए अनुसार दुरुस्त करवाने का आदेश फरमाया जावें।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को नोटिस तलब किए। विप्रार्थीगण के सम्मन बाद तामिल प्राप्त हुए, जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। हस्तगत प्रकरण में तहसीलदार सेड़वा से न्यायालय के आदेश क्रमांक रीडर/2025/1696 दिनांक 01.08.2025 द्वारा तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन के लिए लिखा गया। कार्यालय तहसीलदार सेड़वा के पत्रांकः भू.अ./2025/ व राजकाज रेफ. नंबर 18033543 दिनांक 26.09.2025 द्वारा न्यायालय को तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन **"मौके पर पूर्व में खसरा संख्या 191/34, 206/27 203/54, 273/34, 274/54, 275/54 रकबा क्रमशः 0–4856 हैक्टेयर, 0–2104 हैक्टेयर, 0–1133 हैक्टेयर, 0–0809 हैक्टेयर, 0–0405 हैक्टेयर, 0–0405 हैक्टेयर भूमि खातेदारों द्वारा स्वेच्छा से सड़क के लिए समर्पण राज्य सरकार के खाते में जरिए नामांतरकरण संख्या 137 स्वीकृति दिनांक 05.08.2014 अनुसार समर्पण किया गया है। मौके पर समर्पण करते समय काश्तकारों से मानवीय भूल से समर्पण गलत स्थान पर हो गया, जो परिशिष्ट "अ" अनुसार दर्शित है। मौके एवं काश्तकारों की सहमति से मौके पर परिशिष्ट "ब" अनुसार तरमीम प्रस्तावित की गई जो बरंग आसमानी से दर्शाया गया है। फर्द मौका मौके पर तैयार कर उपस्थित मौतबरान को पढ़कर सुनाई गई एवं हस्ताक्षर करवाए गए। संलग्न नक्शा ट्रेस परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" फर्द मौका का अभिन्न अंग है। अतः संलग्न नक्शे में परिशिष्ट "ब" के अनुसार तरमीम किया जाना जनहित में उचित है।"**

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

प्रार्थीगण अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर प्रार्थीगण अधिवक्ता ने बहस की। प्रार्थीगण अधिवक्ता ने बहस में तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त मौका रिपोर्ट को स्वीकार किया है। प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस पर न्यायालय द्वारा स्वस्थचित्त से मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त चिन्तन, मनन तथा विचारण उपरांत, प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र 201/2025 उनवान आईदानराम वगैरा बनाम तहसीलदार सेड़वा वगैरा अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

अतः मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन राजकाज रेफ न. 18033543 दिनांक 26.09.2025 तथा मौका फर्द दिनांक 02.09.2025 के अनुसार तहसील सेड़वा के पटवार मण्डल भैरूड़ी के ग्राम गंगापुरा के **खसरा संख्या 191/34, 206/27 203/54, 273/34, 274/54, 275/54 रकबा क्रमशः 0–4856 हैक्टेयर, 0–2104 हैक्टेयर, 0–1133 हैक्टेयर, 0–0809 हैक्टेयर, 0–0405 हैक्टेयर, 0–0405 हैक्टेयर भूमि परिशिष्ट ''ब'' अनुसार तरमीम प्रस्तावित की गई जो बरंग आसमानी से दर्शाया गया है।** न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों, तथ्यों तथा तहसीलदार सेड़वा के तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन पर युक्तियुक्त विचारण के उपरांत जांच प्रतिवेदन में दर्शित नक्शे परिशिष्ट 'ब' अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में तरमीम दुरुस्त करने का आदेश दिया जाता हैं। **तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन(पत्रांकः भू.अ./2025/ व राजकाज रेफ. नं. 18033543 दिनांक 26.09.2025 के संलग्न मौका जांच प्रतिवेदन दिनांक 02.09.2025, खसरा नक्शा, परिशिष्ट 'ब' व जमाबंदी अभिलेख आदि) निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार सेड़वा को आदेशित किया जाता है कि वह तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करें। तहरीर जारी हो। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।**


निर्णय आज दिनांक 08/05/2026 को खुले इजलास में सुनाया गया।

(उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा — seal)

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested

(आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी सेड़वा




Signature Not Verified


Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested

तहसील - [illegible]

मौजा - गंगापुरा

पैमाना - १" = ८० गठ्ठा

परिशिष्ट "ब"




मांगीलाल

प्रदर्शकोटी

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा


Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested

# फर्द मौका

प्रथम कोर्ट — उ०सेड़वा

आज दिनांक 02/09/2025 को मौजा गंगापुरा स्थित श्रीमान उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व वाद सं. 201/2025 अनवान आईदानराम बनाम तहसीलदार सेड़वा स्वम् श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के आदेश/क्रा./भू.अ./815-16 दिनांक 13/8/25 की पालना मे हल्का पटवारी भैरूड़ी के साथ मौके पर पहुँचा।

मौके पर पूर्व मे खसरा नम्बर 191/34, 206/27, ~~[illegible]~~ 203/54 (ग्रि), 273/54, 274/54, 275/54 रकबा क्रमश: 0.4856 हे. 0.2104 हे. ~~[illegible]~~ 0.1133 हे. 0.0809 हे. 0.0405 हे. 0.0405 हे. खातेदारो द्वारा स्वेच्छा से सड़क के लिए समर्पण (राज्य सरकार) के खाते मे जरिये नामान्तरण सं. 137 स्वीकृत दिनांक 05/08/14 अनुसार समर्पण किया जा चुका है।

मौके पर समर्पण करते समय ~~[illegible]~~ काश्तकारो से मानवीय भूल से समर्पण गलत स्थान पर हो गया जो परिशिष्ट "अ" अनुसार दर्शित है मौके स्वम् काश्तकारो कि ~~सह~~ सहमती से मौके पर परिशिष्ट "ब" अनुसार तरमीम प्रस्तावित की गयी जो बरंग आसमानी से दर्शाया गया है।

फर्द मौका मौके पर तैयार कर उपस्थित मौतबरान को पढ़कर सुनाई गयी स्वम् दस्तखत करवाये गये।

संलग्न नक्शा ट्रेस परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" फर्द मौका का अभिन्न अंग है।

अत: संलग्न नक्शे मे परिशिष्ट "ब" अनुसार तरमीम किया जाना जनहित मे उचित है।

मांगीलाल

०२/०९/२०२५
ILR नामड़ली

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.05.22 19:47:18 IST
Reason: SelfAttested